समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

कार्यालय – जिला परियोजना अधिकारी
समग्र शिक्षा, पिथौरागढ़

E-mail :-ssapth@rediffmail.com

सेवा में,

1. समस्त खण्ड परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा।
2. समस्त उप शिक्षा अधिकारी।
जनपद– पिथौरागढ़।

पत्रांकः– जि0प0का0/ 967 /RTE- Reimb. 2024.25/2024.25 दिनांक 27 फरवरी 2025

विषयः– शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12 (1) (सी) के अन्तर्गत निजी विद्यालयों में प्रवेशित एवं अध्ययनरत् बच्चों की वर्ष 2024–25 में 06 माह (01 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक) की प्रतिपूर्ति की धनराशि प्रेषण विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयक, अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या रा0प0का0/1435/RTE-Reimb./2024–25 दिनांक 07 जनवरी, 2025 के अनुसार आर0टी0ई0 की धारा 12 (1) (सी) के अन्तर्गत जनपद को रू0 48341812.00 (चार करोड़ तिरासी लाख इक्चालीस हजार आठ सौ बारह मात्र) की धनराशि बच्चों एवं उनके सापेक्ष विद्यालयों को वर्ष 2024–25 में 06 माह (01 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक) की प्रतिपूर्ति प्रदान करने हेतु प्राप्त हुई है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत सत्र 2024–25 में निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर अध्ययनरत् बच्चों को प्रतिपूर्ति प्रदान करने हेतु 08 विकासखण्डों को निम्न सूची के अनुसार कुल 5035 बच्चों को प्रतिपूर्ति प्रदान की जानी है। प्रतिपूर्ति वितरण हेतु प्रेषित की जाने वाली धनराशि का विवरण निम्नवत् है–

क्र0 सं0	विकासखण्ड	बच्चों की संख्या	विकासखण्ड द्वारा दी गई मांग के अनुसार प्रेषित छात्र प्रतिपूर्ति धनराशि का विवरण	विकासखण्ड द्वारा दी गई मांग के अनुसार प्रेषित विद्यालय प्रतिपूर्ति धनराशि का विवरण	कुल योग	बैंक का विवरण जिस खाते में छात्र प्रतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित की गई है		
						बैंक का नाम	खाता संख्या	आई0एफ0एस0 कोड
01	BERINAG	576	3844204.00	1181276.00	5025480.00	S.B.I. Berinag	33704879474	SBIN0002523
02	BIN	2964	26121301.00	6228976.00	32350277.00	Bandhan Bank	20200043412241	BDBL0002394
03	DHARCHULA	398	2746812.00	788317.00	3535129.00	U.G.B. Dharchula	76010628053	SBIN0RRUTGB
04	DIDIHAT	259	576697.00	1376400.00	1953097.00	U.G.B. Didihat	76004057674	SBIN0RRUTGB
05	GANGOLIHAT	359	1624940.00	811649.00	2436589.00	D.C.B. Gangolihat	000335001000085	IBKL0768PJS
06	KANALICHHINA	189	798880.00	350156.00	1149036.00	S.B.I. Kanalichhina	33845424797	SBIN0001638
07	MOONAKOT	119	228750.00	697730.00	926480.00	I.D.B.I. Pithoragarh	0768104000025133	IBKL0000768
08	MUNSYARI	171	593020.00	338220.00	931240.00	U.G.B. Munsyari	76005831016	SBIN0RRUTGB
	कुल योग	5035	36534604.00	11772724.00	48307328.00	चार करोड़ तिरासी लाख सात हजार तीन सौ अठ्ठाईस मात्र)		

अतः आपको आदेशित किया जाता हैं कि, शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12 (1) (सी) के अन्तर्गत निजी विद्यालयों में प्रवेशित एवं अध्ययनरत् छात्रों की वर्ष 2024–25 की प्रतिपूर्ति की धनराशि के अविलम्ब भुगतान किए जाने हेतु अपने स्तर से समस्त आवश्यक कार्यवाही यथासमय करना सुनिश्चित करें। साथ ही आपको निर्देशित किया जाता हैं कि, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(सी) के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में निजी विद्यालयों एवं निजी विद्यालयों में प्रवेशित/अध्ययनरत् बच्चों को प्रतिपूर्ति की धनराशि (माह अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 (06 माह) का विवरण वास्तविक मांग का आगणन कर आवश्यक धनराशि की मांग हस्ताक्षरयुक्त कॉपी में प्रेषित करना सुनिश्चित करे। माह अप्रैल 2024 से सितम्बर 2024 तथा अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक वास्तविक विद्यालय एवं छात्र प्रतिपूर्ति की सूचना वास्तविक मांग के आधार पर प्रेषित करे। विद्यालयवार प्रेषित धनराशि की हस्ताक्षरयुक्त प्रति तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

आपको यह भी आदेशित किया जाता हैं कि, अपने विकासखण्ड के अन्तर्गत समस्त पब्लिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों/प्रबन्धकों को अधोहस्ताक्षरी के इस आदेश से स्पष्ट रूप से अवगत करा दें कि, यदि किसी छात्र के खाते में छात्र प्रतिपूर्ति की धनराशि का भुगतान नहीं हो पाता हैं तो विद्यालय को छात्र के सापेक्ष शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति की धनराशि भुगतान नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

(हरक राम कोहली)
मुख्य शिक्षा अधिकारी/
जिला परियोजना अधिकारी,
समग्र शिक्षा, पिथौरागढ़।

पृ0सं0 – समसंख्यक एवं तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि–:

1. राज्य परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड, देहरादून की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिलाधिकारी महोदय, पिथौरागढ़ की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अपर जिला परियोजना अधिकारी (प्रा0शि0), समग्र शिक्षा, पिथौरागढ़ को इस आशय के साथ प्रेषित कि, वह स्थलीय निरीक्षण कर यथा समय आर0टी0ई0 की सूचना प्रेषण करवाने हेतु निर्देशित करेंगे।

मुख्य शिक्षा अधिकारी/
जिला परियोजना अधिकारी,
समग्र शिक्षा, पिथौरागढ़।